नगर निगम, शाहजहाँपुर।

**प्रेस विज्ञप्ति**

दिनांक– 24.03.2021

ग्रीन शाहजहाँपुर
क्लीन शाहजहाँपुर

स्वच्छ शाहजहाँपुर
सुन्दर शाहजहाँपुर

- नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा द्वारा आज दिनांक 24.03.2021 को मो0 युनूसखेल में नाले के बायो कम फायटो रेमिडियेशन के कार्य निरीक्षण किया गया।
- स्वच्छ भारत मिशन निदेशालय, लखनऊ की टीम द्वारा आज दिनांक 24.03.2021 को नगर निगम द्वारा बनवाये गये मेटेरियल रिकवरी फैसेलिटी (एम0आर0एफ0) सेंटर का किया गया निरीक्षण।
- जिलाधिकारी/प्रशासक महोदय श्री इन्द्र विक्रम सिंह जी एवं नगर आयुक्त महोदय द्वारा आज दिनांक 24.03.2021 को मो0 सरायकाईयॉ, दलेलगंज एवं चौक क्षेत्र में होली के पर्व पर बड़े लाट साहब व छोटे लाट साहब के जूलूस के मार्गो का पैदल रूट मार्च किया गया।

**एक अभिनव प्रयोग**

1. नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा द्वारा आज दिनांक 24.03.2021 को मो0 युनूसखेल में नाले के बायो कम फायटो रेमिडियेशन के कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त महोदय द्वारा अवगत कराया गया कि शाहजहाँपुर नगर में प्रवाहित नालों जिनका कुल श्राव 35 एम0एल0डी0 हैं जो राम गंगा की सहायक नदियों में गिर रहे हैं। इन नालो के अपशिष्ठ जल का परीक्षण मै0 इकोमेन लैबोरेटरीज़, प्रा0लि0, अलीगंज, लखनऊ से कराया गया। उक्त नालों में सबसे अधिक बी0ओ0डी0 56 मि0ग्रा0/ली0 एवं 06 एम0एल0डी0 श्राव का नाला यूनुसखेल को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में चिन्हित कर बायो/फ़ायटो रेमिडियेशन हेतु चयनित किया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि आमंत्रित ई–निविदा के माध्यम से मै0 परिवर्त एग्रो, सत्यवानपुरी रोड, बस्ती द्वारा दिनांक 23.03.2021 का कार्य प्रारम्भ करा दिया गया। जिसका निरीक्षण श्री संतोष कुमार शर्मा, नगर आयुक्त द्वारा श्री वी0एन0 द्विवेदी, महाप्रबन्धक (जल), श्री सूरज प्रजापति, अवर अभियन्ता (जल) व फ़र्म के प्रतिनिधि की उपस्थिति में किया गया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त महोदय के साथ फ़र्म के प्रतिनिधि श्री रत्नेश कुमार व उनकी टीम उपस्थित रही। निरीक्षण के समय नगर आयुक्त महोदय द्वारा फ़र्म को इस कार्य का साइन बोर्ड, फ़्लो चार्ट प्रदर्शित करने का निर्देश दिया गया फ़र्म द्वारा नाले पर 04 स्थलो पर अस्थायी सैंड बैग से चेक डैम बनाये गये है, जिससे पानी फ़िल्टर होकर प्रवाहित हो रहा है। फ़्लोटिंग वेस्ट को रोकने के लिये 02 स्थानों पर लोहे का स्कीन लगाये जाने का कार्य प्रगति पर तथा 02 स्थानों पर 1000 लीटर की क्षमता टैंक स्थापित किये गये है, जिनके माध्यम से बायो कल्चर डालकर बायो रेमिडियेशन किया जाना है। बायो कम फ़ायटो रेमिडियेशन का कार्य निम्नानुसार किया जाना है।

<u>यूनुसखेल नाले का बायो कम फ़ायटो रेमिडियेशन</u>

<u>फ़ेज़–1 – बायो रेमिडियेशन</u>

स्टेप–1–नाले में बहते ठोस अपशिष्ठ को हटाया जाना।

स्टेप–2–नाले में ठोस अपशिष्ठ पदार्थ को जाने से रोकने के लिये जाली लगाया जाना।

स्टेप–3–नाले में ऑर्गेनिक मीडिया सोल्यूशन डालने हेतु नाले के निकट डोज़िंग टैंक का अधिष्ठापन कार्य।

स्टेप–4–बैक्टीरिया के रिटेन्शन एवं नालो के प्रवाह की गति कम करने हेतु सैंड बैग से अस्थायी चेक डैम का निर्माण किया जाना।

स्टेप–5–सैंड बैग का प्रयोग करते हुये अस्थायी चेक डैम का निर्माण किया जाना जिससे कि नाले का पानी कुछ उचाई से गिर कर एरियेशन उत्पन्न करेगा एवं स्टेप–6– नाले के आर–पार अंतिम सोपान में नीली चादर का बिछाया जाना जिससे पानी का रंग प्रदर्शित हो सके।

<u>फ़ेज़–2 – फ़ायटो रेमिडियेशन</u>

स्टेप–1–नाले पर फ़ायटो रेमिडियेशन हेतु पौधों का रोपण कार्य।

स्टेप–2–पत्थर की छोटी–छोटी ग्रेविल से पानी बहने हेतु रास्ता तैयार किया जाना, जिससे शोधित जल नदी में जा सके।

स्टेप–3–नाले पर फ़्लोटिंग डिज़ाइन पौधों का रोपण कार्य।

स्टेप–4–नाले पर फ़ायटो पौधों के प्लांट का अधिष्ठापन कार्य ।

स्टेप–5 –जल के पैरामीटर की जांच हेतु नमूना एकत्र किया जाना।

उक्त कार्य पूर्ण होने पर क्षेत्रीय जनता को दुर्गंध से छुटकारा मिलने के साथ–साथ वायु प्रदूषण एवं जल प्रदूषण से बचाव होगा। शोधित जल का मा0 हरित प्राधिकारण के मानकों के अन्तर्गत शोधित जल का मानक निम्नानुसार प्राप्त होगा, जिससे नदी का जल स्वच्छ रहेगा एवं जल जन्तुओं के जीवन की रक्षा होगी।

2. स्वच्छ भारत मिशन निदेशालय, लखनऊ की टीम द्वारा आज दिनांक 24.03.2021 को नगर निगम द्वारा बनवाये गये मेटेरियल रिकवरी फैसेलिटी (एम0आर0एफ0) सेंटर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय उपस्थित जिला कार्यक्रम प्रबन्धक श्री सैफ सिद्धदकी द्वारा टीम को एम0आर0एफ0 सेंटर में चल रही सूखे अपशिष्ट की छंटाई प्रक्रिया के बारे में अवगत कराया गया तथा लिगेसी वेस्ट के निस्तारण हेतु प्लांट एवं ग्रीन बेल्ट डेवलपमेन्ट के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। ककरा स्थित तालाब के बारे में पूछने पर अवगत कराया गया कि तालाब के सौन्दर्यीकरण हेतु प्रोजेक्ट पास किया गया है। इसके अतिरिक्त प्लांट में स्थित गीले कचरे की निस्तारण व्यवस्था देखने के बाद स्वच्छ भारत मिशन निदेशालय, लखनऊ की टीम खिलौली स्थित ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन हेतु उपलब्ध भूमि का मुआयना किया गया, जहॉ सेनेटरी लैण्डफिल की स्थापना हेतु भुमि को उपयुक्त पाया गया। इसी क्रम में स्वच्छ भारत मिशन निदेशालय, लखनऊ की टीम द्वारा नगर में साफ–सफाई की व्यवस्था का जायजा लिया गया। इसके साथ ही जेल रोड स्थित ऑटोमैटिक ट्रान्सफर स्टेशन का निरीक्षण किया गया। स्वच्छ भारत मिशन निदेशालय, लखनऊ की टीम द्वारा मो0 खिरनीबाग में चल रहे पायलट प्रोजेक्ट को भी सराहा गया तथा स्वच्छ भारत मिशन एवं स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 की तैयारियों से टीम पूर्णतः संतुष्ट रही। निरीक्षण के समय स्वच्छ भारत मिशन निदेशालय, लखनऊ की टीम एवं जिला कार्यक्रम प्रबन्धक श्री सैफ सिद्धदकी, एम0आर0एफ0 सेंटर की संचालक ग्रीन फ्यूचर कलेक्टिव की सुश्री साक्षी सिरारी,श्री अभिनव ओमर एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

3. जिलाधिकारी / प्रशासक महोदय श्री इन्द्र विक्रम सिंह जी एवं नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा द्वारा आज दिनांक 24.03.2021 को मो0 सरायकाईयॉ, दलेलगंज एवं चौक क्षेत्र में होली के पर्व पर बडे लाट साहब व छोटे लाट साहब के जूलूस के मार्गो का रूट मार्च किया गया। सरायकाईयां, दलेलगंज क्षेत्र में रूट मार्च के दौरान दिनांक 23.03.2021 को दिये गये निर्देशों के अन्तर्गत ने जल निगम द्वारा पेयजल आपूर्ति हेतु बिछाई गई पाइप लाइनों से क्षतिग्रस्त मार्गो को समतलीकरण कराये जाने कार्य प्रगति पर पाया गया। जिलाधिकारी / प्रशासक महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि बड़े लाट साहब एवं छोटे लाटसाहब के जूलूस वाले मार्गो पर निर्माण सामग्री (रोड़ा,पत्थर,ईटा बजरी आदि) पड़ी नही रहनी चाहिये। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि जूलूस वाले मार्गो पर गडढे आदि का समतलीकरण कराया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही यह भी सुनिश्चित करे कि मार्गो पर क्षतिग्रस्त पाइप लाइन (लीकेज) यदि हों तो उनको तत्काल ठीक करा दें। जिलाधिकारी / प्रशासक महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि होली के पर्व पर यह सुनिश्चित करे कि नगर निगम क्षेत्र पथ प्रकाश के समस्त प्रकाश बिन्दु प्रकाश युक्त रहे। जिससे नागरिको को आवागमन में किसी प्रकार की कठिनाई न हों। जिलाधिकारी महोदय द्वारा जुलूस वाले मार्गो पर धार्मिक स्थलो की बेरिकटिंग / तिरपाल डालकर सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी / प्रशासक श्री इन्द्र विक्रम सिंह,पुलिस अधीक्षक श्री एस0 आनन्द, नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) श्री रामसेवक द्विवेदी, सहायक नगर आयुक्त श्रीमती रश्मि भारती,एवं अन्य अधिकारी / कर्मचारीगण तथा क्षेत्र के सम्भ्रान्त नागरिकगण उपस्थित रहें।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहॉपुर।